INDIAN SCHOOL SOHAR **Set 1**

FORMATIVE ASSESSMENT 3 (2015-16)

विषयः हिंदी (पाठ्य□म - ब)

कक्षा ः IX **समय ः 40 मिनट**

दिनांक ः 09-11-2015 **पूर्णांक ः 20**

निर्देश □1 इस प्रश्र्न पत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका □मांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- **अपठित गद्यांश**

शिक्षा द्वारा मनुष्य को पूर्ण मानसिक शक्ति प्राप्त हुई। शिष्ट व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माता होते हैं और व्यक्तियों को शिष्ट बनाने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण साधन है। व्यक्ति की सच्ची स्वतंत्रता निरक्षरता में नहीं□साक्षरता में है। नैतिक□आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा अत्यावश्यक है। साक्षरता प्रतीक है- स्वतंत्रता एवं विकास की। शिक्षा ही गुलामी की जंजीरों तथा शोषण से हमारी रक्षा करती है। जब कोई व्यक्ति ज़मींदार की चालाकियों को समझने लगता है□जब कोई खाली कागज़ पर अ□ठा लगाने से मना कर देता है- तब होता है एक विस्फोट□जिसकी गू□व लौ दूर-दूर तक महसूस की जा सकती है। फिर जन्म होता है- एक नए मानव का□एक साक्षर मानव का□एक स्वतंत्र एवं आत्म-निर्भर मानव का। इसके साथ ही समाज को एक नई दिशा मिलती है। प्रजातंत्र की सफलता□पूर्णतया देश के नागरिकों पर ही निर्भर है और ऐसा तभी संभव है□जब व्यक्ति उचित व अनुचित में भेद करना सीख जाए। ऐसा मात्र शिक्षा द्वारा ही संभव है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के निर्माता कौन हैं □ □1□

(ख) साक्षरता किसका प्रतीक है□ □1□

(ग) शिक्षा किससे हमारी रक्षा करती हैं □ □1□

(घ) समाज को नई दिशा कब मिलती है□ □1□

INDIAN SCHOOL SOHAR **Set 2**

FORMATIVE ASSESSMENT 3 (2015-16)

विषयः हिंदी (पाठ्य□म - ब)

कक्षा ः IX **समय ः 40 मिनट**

दिनांक ः 09-11-2015 **पूर्णांक ः 20**

निर्देश □1 इस प्रश्र्न पत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका □मांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- **अपठित गद्यांश**

छात्र राष्ट्र की संपत्ति हैं। देश की उन्नति उन्हीं पर निर्भर है□इसलिए उन्हें देश का कर्णधार कहा गया है। छात्र-जीवन में कुछ करने की जो इच्छा बलवती होती है□वही उनमें जोश भरती रहती है। इस जोश को कम करने के लिए अनुभव अर्थात् वृद्धों की आवश्यकता होती है। छात्रों में सामर्थ्य होता है। यदि उनका उचित मार्ग-दर्शन किया जाए तो वे निश्चय ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं। माता जीजाबाई के उपदेशों का ही फल था कि साधनहीन शिवाजी ने एक साम्राज्य का निर्माण किया था। देश के जितने भी महान नेता एवं धार्मिक पु□ष हुए हैं□वे सब अपनी छात्र अवस्था में ही बन गए थे। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू भी इसी अवस्था में देश- सेवा में जुट गए थे। इतिहास इस बात का गवाह है कि छात्रों की शक्ति अनंत होती है और वे असंभव को संभव कर डालते हैं। उनके महान कार्यों से देश उन्नति की ओर अग्रसर होता है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) देश के कर्णधार किसे कहा गया है और क्यों □ □1□

(ख) छात्रों के जोश को कम करने के लिए किसकी आवश्यकता होती है□ □1□

(ग) माता जीजाबाई के उपदेशों का क्या परिणाम हुआ □ □1□

(घ) छात्र अपने लक्ष्य को कब प्राप्त कर सकते हैं□ □1□

प्रश्न 2 - (क) वर्ण-विच्छेद कीजिए - अक्षत (1)

(ख) वर्ण- संधि कीजिए - श् + अ+ त् + र् + उ + त् + आ

प्रश्न 3 - निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए। (1)

ये कबूतर खरगोश और बंदर किसके हैं

प्रश्न 4 - (क) संधि कीजिए- शरण + आगत (1)

(ख) संधि – विच्छेद कीजिए- उज्ज्वल

प्रश्न 5 - उपसर्ग व प्रत्यय बताइए। (1)

अभिमानी

प्रश्न 6 - ' रामन् प्रभाव' की खोज से विज्ञान के क्षेत्र में कौन- कौनसे कार्य संभव हो सके ? (3)

प्रश्न 7 - ' मेरा छोटा-सा निजी पुस्तकालय' पाठ के माध्यम से लेखक ने कौन-से जीवन मूल्यों से प्रेरित किया है? (3)

प्रश्न 8 - 'एक फूल की चाह' कविता का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए। (3)

प्रश्न 9 - विद्यालय में पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।एक इसके प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

---oOo---

प्रश्न 2 - (क) वर्ण-विच्छेद कीजिए - सूक्ष्म (1)

(ख) वर्ण- संधि कीजिए - त् + इ + ल् + ओ + च् + अ + न् + अ

प्रश्न 3 - निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए। (1)

वाह यह तो बहुत सुंदर दृश्य है

प्रश्न 4 - (क) संधि कीजिए - भाव + अनुसार (1)

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए - उल्लेख

प्रश्न 5 - उपसर्ग व प्रत्यय बताइए। (1)

उपकारी

प्रश्न 6 - ' एक फूल की चाह' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए। (3)

प्रश्न 7 - लेखक ने फिल्म 'देवदास' देखने का निर्णय बदल दिया।लेखक के इस निर्णय से आपको क्या संदेश मिलता है? (3)

प्रश्न 8 - रामन् के प्रारंभिक शोधकार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है ? (3)

प्रश्न 9 - विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।इसके प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

---oOo---